बरहेट में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम हुआ शुरू

चर्चा में क्यों?

24 नवंबर, 2023 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने साहेबगंज के बरहेट स्थित गोपलाडीह से पंचायत स्तरीय आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम शुरू किये। यह कार्यक्रम पूरे राज्य के पंचायतों में 26 दिसंबर, 2023 तक आयोजित होगा।

प्रमुख बिंदु

- इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के 4,351 पंचायत और 50 वार्ड में शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में योजनाओं से अब तक वंचित जरूरतमंदों को लोक कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित किया जाएगा।
- इस कार्यक्रम का तीसरी बार हो रहा आयोजन हो रहा है। राज्य सरकार के 2 वर्ष पूरण होने के अवसर पर पहली बार आपके अधिकार- आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजन किया गया था।
- पंचायत और वार्ड स्तर पर आयोजित शिविरों में नई योजनाओं, जैसे- अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, सामुदायिक और व्यक्तिगत वनपट्टा से संबंधित मामले, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ दिया जाएगा।
- इसके अतिरिक्त जाति, आय, जन्म, मृत्यु, दिव्यांगता प्रमाण-पत्र में जरूरी संशोधन, भूमि से जुड़े मामले, आयुष्मान कार्ड, आम जनों के सामाजिक-आर्थिक बुनियादी जरूरतों से जुड़े मामले, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, श्रम विभाग अंतर्गत श्रमाधान पोर्टल पर प्रवासी श्रमिकों का पंजीकरण, राजस्व अभिलेखों में संशोधन/परिमार्जन, आधार एवं राशन कार्ड में संशोधन, बिजली बिल से संबंधित शिकायत का निवारण सहित अन्य कार्य का निष्पादन किया जाएगा।
- इस कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को साइकिल के लिये नकद हस्तांतरण अथवा चेक का वितरण किया जाएगा। साथ ही बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री रोज़गार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, अबुआ बीर दिशोम अभियान अंतर्गत पुराने अथवा नव सृजित वन पट्टों का वितरण सहित अन्य योजनाओं लाभ प्रदान किया जाएगा।
- प्रत्येक शिविर में 'कल्याण मंच' स्थापित किया जाएगा, जिसके माध्यम से शिविर में ही लाभार्थियों को योजनाओं से संबंधित लाभ/परिसंपत्तियों का वितरण किया जाएगा। स्वयं सहायता समूह/क्लस्टर सदस्यों के बीच आई कार्ड और धोती/साड़ी/ लूंगी एवं कंबल का वितरण होगा।
- गौरतलब है कि लोगों के अधिकारों के प्रति संवेदनशील मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और झारखंड राज्य स्थापना दिवस (15 नवंबर) के अवसर पर आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया था।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/aapki-yojana-aapki-sarkar-aapke-dwar-started-in-barhet